तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025

14 बालोद राज ठेठवार यादव संगठन का वार्षिक अधिवेशन ...



12 जहां पानी नहीं वहां बना दी टंकी, दो साल बाद भी ...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर चंद्रवाल ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण



**बालोद।** इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा में स्थित वेयर हाउस गोदाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत जिले के धान संग्रहण केन्द्रों से वेयर हाउस गोदाम में जमा किए जा रहे धान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को वेयर हाउस गोदाम के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### कुएं में गिरे गाय व सांड़ को बाहर निकालने करनी पड़ी मशक्कत



**बालोद।** दल्लीराजहरा वार्ड क्रमांक 24 में स्थित एक गहरे सूखे कुएं में एक सांड़ गिर गया, वहीं एक गाय भी गिर गई। इसकी सूचना वार्डवासियों ने गौ सेवा समिति के सदस्यों को दी। जानकारी मिलते ही गौ सेवा समिति के सदस्य घटना स्थल पहुंचे। वहां पर उन्होंने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर गाय और सांड को निकालने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति सामान्य नहीं थी। उन्होंने मदद के लिए दल्ली राजहरा के बीएसपी के अग्निशमन विभाग से संपर्क किया। वहीं, अथक प्रयास से लगभग ढाई घंटा मेहनत के बाद गाय और सांड को सकुशल निकाल गया।

### नशे में धुत्त व्यक्ति ट्रांसफार्मर पर चढ़ा, करंट लगने से हुआ घायल



**बालोद।** मंगलवार को शराब के नशे में एक व्यक्ति आत्महत्या करने के लिए ट्रांसफार्मर पर चढ़ा गया। इस बीच करेंट लगने से वह नीचे गिरा गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए 108 के माध्यम से डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालोद के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज जारी है। पूरी घटना डौंडी थाना क्षेत्र के बम्हनी गाँव की है। शराबी व्यक्ति का नाम मनगउ राम बताया जा रहा है।

# गणना पर्ची व चुनाव अधिकारी की प्रेस विज्ञप्ति में मतों की संख्या में बड़ा अंतर, पारदर्शिता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण के चुनाव में जनपद पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र क्रमांक 4 से जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन विवादों में आ गया है। चुनाव में दूसरे स्थान पर रहीं प्रत्याशी माधुरी जसवंत सिन्हा ने अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच कर पुनः गणना कराने व सच्चाई से अवगत कराने की मांग की है।

जनपद क्षेत्र 4 में कुल पांच ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी, मटिया, चीचा, तिलखैरी एवं देवगहन के साथ उनके आश्रित ग्रामों को मिलाकर कुल 9 गांव में मतदान हुआ। जनपद सदस्य पद के लिए तीन प्रत्याशी धारा पंकज चौधरी, गोदावरी सिन्हा व माधुरी जसवंत सिन्हा चुनाव लड़े। मतदान संपन्न होने के पश्चात सभी 9 गांव के 12 बूथ में मतगणना हुई। माधुरी जसवंत सिन्हा का दावा है कि जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 की सभी गणना पर्ची के अनुसार प्रत्याशी धारा पंकज चौधरी को 2625 मत प्राप्त हुए, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी माधुरी जसवंत सिन्हा को 2452 मत प्राप्त हुए।

उक्त चुनाव में पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई गणना पर्ची के अनुसार धारा पंकज चौधरी, माधुरी जसवंत सिन्हा से 173 वोट से विजयी रहीं। लेकिन जनपद पंचायत गुण्डरदेही एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में माधुरी जसवंत सिन्हा की हार को 606 वोट बताया गया है।

## दूसरे स्थान पर रही प्रत्याशी माधुरी ने की पुनर्गणना की मांग

### कौन सही, किसकी जानकारी गलत?

अब यहां प्रश्न खड़ा होता है कि मतदान दिवस में पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी गणना पर्ची सही है या पीठासीन अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी सही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि प्रत्याशी के गणना अभिकर्ता को अलग गणना पर्ची एवं निर्वाचन अधिकारी को अलग गणना पर्ची प्रदान की गई है। इससे माधुरी जसवंत सिन्हा को 173 वोटों के हार को बढ़कर 606 वोटों से हार बताया गया है।

- अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही को सौंपा आवेदन
- जनपद पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र क्रमांक 4 का मामला



### पीठासीन अधिकारियों की पर्ची में 173 व विज्ञप्ति में 606 वोट का अंतर

माधुरी जसवंत सिन्हा ने कहा कि उक्त घटनाक्रम निर्वाचन आयोग की कार्य प्रणाली एवं पारदर्शिता पर संदेह पैदा करता है। साथ ही यह लोकतंत्र में जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार का अंतर मात्र 173 वोट रहा है, जिसे निर्वाचन आयोग द्वारा हार का अंतर 606 वोटों का बताना प्रत्याशी के मान सम्मान को क्षति पहुंचाना एवं हतोत्साहित करना प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि सच क्या है, यह सार्वजनिक हो इसके लिए मैंने अनुविभागी अधिकारी गुण्डरदेही के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच कर पुनः गणना कराने व सच्चाई से अवगत कराने की मांग की है।

म्यूल एकाउंट मामले में पूर्व में 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

# आनलाइन ठगों को किराए पर दिया बैंक एकाउंट, चार और खाताधारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पुलिस ने म्यूल एकांउट धारकों के प्रकरण में 4 और लोगों को गिरफ्तार किया है। चंद पैसों के लिए बैंक खाता, एटीएम, सिम उपलब्ध कराने वाले लोगों पर बालोद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। म्यूल बैंक खाता धारकों समेत संवर्धक, ब्रोकर के विरूद्ध भी कार्रवाई की गई। प्रकरण में संलिप्त अब तक 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जानी बाकी है।

- इन आरोपियों के खातों में प्राप्त हुई थी देश के अलग-अलग राज्यों में हुई सायबर ठगी की रकम

थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑनलाईन माध्यम से लोगों से ठगी करने वालों पर नजर रखी जा रही थी, इसी क्रम में भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से थाना बालोद क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कुल 10 बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाता धारकों एकाउंट में देश के अलग अलग राज्यों में हुए अनेक लोगों से हुए अलग-अलग सायबर फ्राड का कुल रकम करीब 3,19,145 रूपये को 10 खातों में प्राप्त किया गया है।



इन खातों के संबंध में अन्य राज्यों से ऑनलाईन शिकायत दर्ज की गई थी। उपरोक्त सभी खाता धारकों के सभी 10 म्यूल बैंक खाता धारकों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 317 (2), 317 (4), 318 (4), 61 (2), (ए), 111 बीएनएस 2023 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाता धारकों द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों से साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट में लेना स्वीकार किया तथा बैंक खाता को किराये पर देने एवं किराये पर लेने वालों पर कार्रवाई की गई। करोड़ों का ट्रांजेक्शन हुआ है। 4 मार्च 2025 को 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### ये चार आरोपी हुए गिरफ्तार

वर्तमान 4 गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड क्रमांक 10 डौण्डीलोहारा थाना डौण्डीलोहारा जिला बालोद निवासी राहुल कुमार मालेकर पिता टीकाराम मालेकर उम्र 25 वर्ष, ग्राम गिधाली थाना डौण्डीलोहारा हाल पता नेहरूनगर भिलाई जिला दुर्ग निवासी खिलेश्वरी धुर्वे उर्फ अकांक्षा पिता राधेश्याम धुर्वे उम्र 27 वर्ष, क्वाटर नंबर 4 सड़क 11 जोन 3 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग निवासी सतनाम सिंह पिता जसबीर सिंह उम्र 25 वर्ष, सुभाष नगर थाना पद्मनाभपुर जिला दुर्ग निवासी प्रवीण श्रीवास्तव पिता राजीव श्रीवास्तव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

# गर्मी शुरू होते ही गहराने लगी पानी की समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही बालोद नगर के वार्ड क्रमांक 1 में लोगों को पानी के लिए परेशानी होने लगी है। वार्ड क्रमांक 1 में सालों पहले दो हैंडपंप की खुदाई की गई थी। उनमें से एक हैंडपंप सड़क किनारे ग्राम पंचायत के पास है, तो दूसरा बीच बस्ती में। लेकिन, इन दिनों ये दोनों हैंडपंप केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं।

- नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित दोनों हैंडपंप बंद

वार्डवासी चिंता साहू, मनोज गौतम ने बताया कि हैंडपंप में लगी पाइप पुरानी होने के कारण सड़ चुकी है, जिसके कारण दो सालों से दोनों हैंडपंप बंद है। कई बार नगर पालिका में शिकायत किए जाने के बाद भी हैंडपंप का सामान बदला नहीं गया, बल्कि नगर पालिका के कर्मचारी आते हैं और पुराने सामानों में ही अदला बदली कर चले जाते हैं, जिसके कारण कुछ ही दिनों तक हैंडपंप चलने के बाद फिर से बंद हो जाते हैं।

### सामान नहीं होने का हवाला

वार्डवासी लोकेश साहू, उत्तम साहू और चंद्रकुमार साहू ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों को कई बार हैंडपंप में नया सामान लगाने के लिए कहा गया। लेकिन, कर्मचारी सामान नहीं होने का हवाला देते हुए ऐसे ही छोड़कर चले जाते हैं, जिसके कारण आज तक हैंडपंप स्थाई रूप से नहीं बन पाए हैं।

## शराब के अवैध परिवहन व बिक्री के मामले में तीन आरोपी पकड़ाए

**बालोद।** अवैध रूप से शराब परिवहन व बिक्री के 3 प्रकरण में बालोद पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 45 पौवा देशी एवं 40 पौवा अंग्रेजी शराब कुल 85 पौवा कुल 15.300 बल्क लीटर जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहले प्रकरण में 02 मार्च को ग्राम सांकरा (क) तालाब के पास वार्ड क्रमांक 05 कन्नेवाड़ा (करहीभदर) निवासी हेमंत सिन्हा 45 वर्ष के कब्जे से 19 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री की रकम 200 रूपए को बरामद कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट कायम किया गया है।

दूसरे प्रकरण में 02 मार्च को भोईनापार जाने वाली कच्ची सड़क नहर नाली पार पर पैदल जा रहे भोईनापार निवासी मोहन दास मारकण्डे 52 वर्ष के कब्जे से 40 अंग्रेजी शराब जब्त कर थाना बालोद में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी तरह तीसरे प्रकरण में 02 मार्च को ही हरी साहू के खेत के पास ग्राम पीपरछेडी रोड ग्राम निपानी के पास टिकरापारा निपानी निवासी खिलेश्वर डहरे 35 वर्ष के कब्जे से 26 पौवा देशी शराब व बिक्री की रकम 200 रूपए को बरामद कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

कांग्रेस विधायक संगीता ने विधानसभा में उठाया मामला

# अधिकारी ने पत्नी के नाम पर आवंटित करवा लिया मछुवा समिति को मिलने वाला केज कल्चर

हरिभूमि नप्यूज ▶▶| गुरूर

कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने बुधवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि बालोद जिले के एक अधिकारी द्वारा अपनी पत्नी के नाम पर मछुवा समिति को आबंटित होने वाले केज कल्चर को अपनी पत्नी के नाम से आबंटित कर उसका बिना सत्यापन के अनुदान स्वीकृत कर करोड़ों की हेराफेरी का मामला उठाया। इसमें खास बात यह है कि मामला कांग्रेस शासनकाल का है।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा में पूछा कि बालोद जिला अंतर्गत वर्ष 2021–22 से वर्ष 2024–25 में 31 जनवरी 2025 तक की स्थिति में मत्स्य पालन विभाग व्दारा कितने यूनिट केज कल्चर मछुआ समितियों के नाम से स्वीकृति प्रदान कर, क्या अनुदान के पूर्व केज कल्चर का



भौतिक सत्यापन होता है, सत्यापन कौन करता है। संगीता सिन्हा ने यह भी पूछा कि क्या शासन को ऐसी कोई शिकायत मिली है कि बिना भौतिक सत्यापन के अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। जब मंत्री ने इससे इंकार किया, तब उन्होंने यह सनसनीखेज आरोप विधानसभा में लगाया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुपस्थिति में उनकी जगह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि बालोद जिला अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि तक मछली पालन विभाग द्वारा किसी भी मछुआ समिति को बिना भौतिक सत्यापन के केज कल्चर अनुदान राशि की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है।

संगीता सिन्हा ने कहा कि सच्चाई यह है कि बालोद जिले के एक अधिकारी अपनी पत्नी के नाम पर केज कल्चर की राशि अनुदान की राशि ले चुका है। क्या इस पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सहायक संचालक व्दारा पत्नी के नाम पर 19 लाख 20 हजार रुपये सब्सिडी के नाम पर उठा लेने का मामला सामने आया था। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि 19 लाख रुपये निकाल लेने का मामला कोई छोटा–मोटा नहीं है, इसकी जांच क्यों नहीं कराई जाती? इस पर श्री जायसवाल ने कहा कि 1 जून 2024 को शिकायत मिली ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मंत्री जायसवाल ने कहा, पिछली सरकार के कार्यकाल का मामला

मंत्री जायसवाल द्वारा यह कहे जाने पर कि यह मामला पिछली सरकार के समय का है, कांग्रेस विधायक विरोध दर्ज कराते हुए शोर मचाने लगे। कांग्रेस विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि बालोद के इस प्रकरण में मेरे व्दारा मुख्यमंत्री तक से शिकायत की जा चुकी है। ऐसे ही किसी मामले में राजनांदगांव में दोषी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर हो जाती है, तो बालोद जिले में क्यों नहीं हो सकती? ये 3 करोड़ 45 लाख 60 हजार के गबन का मामला है, कुंवर सिंह निषाद ने कहा हमारे जैसे मछुआरा समाज के लोगों के हितों को मारकर लोग अपने परिवार के नाम पर संचालन कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि हां यह सही है कि जांच में विद्या बंजारे का नाम सामने आया है। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि मंत्री जांच होने का दावा तो कर रहे हैं, लेकिन जांच में क्या मिला, उसे छुपाने का काम कर रहे हैं।

## इस वर्ष का प्रथम नेशनल लोक अदालत का 8 को

**बालोद।** इस वर्ष का प्रथम नेशनल लोक अदालत का 08 मार्च को किया जाना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिले के जिला एवं सत्र न्यायालय, तालुका न्यायालय गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं दल्लीराजहरा सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य, आपराधिक एवं सिविल प्रकरण, चेक बाउंस के प्रकरण, धन वसूली के मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण, बिजली, जलकर, टेलीफोन बिल, वैवाहिक, परिवारिक मामलें, श्रम विवाद एवं राजस्व मामलों का निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यक्ति अपने ▶▶| शेष पेज 12 पर

संस्कृतिक भवन में हुआ नगर पंचायत के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

# डौंडी नगर पंचायत की अध्यक्ष मोहंतिन व सभी पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

संस्कृतिक भवन में बुधवार को नगर पंचायत डौंडी की नवनिर्वाचित भाजपा अध्यक्ष मोहंतिन चौरका एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व बालोद जिला प्रभारी कृष्णकांत पवार भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी।

डौंडी नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहंतिन चौरका व समस्त पार्षदों को एसडीएम आरके सोनकर ने शपथ दिलाई। अध्यक्ष ने सभी के साथ मिलकर नगर पंचायत क्षेत्र के विकास की बात कही। नगर के गणमान्य जनों ने अध्यक्ष का फूल मालाओं से मंच पर स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक, अजय चौहान, विशाल गुणधर, नीलेश जायसवाल, संजय बैंस, पूर्व अध्यक्ष सोमेश सोरी, सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठजन, समस्त मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### डौंडी को विकसित व आदर्श नगर के रूप में पहचान दिला है उद्देश्य

हरिभूमि से चर्चा करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका ने कहा कि हमारा प्रमुख उद्देश्य अपने नगर और क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना निर्माण से डौंडी नगर को एक विकसित एवं आदर्श नगर के रूप में विशेष पहचान दिलाना है, जिसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। वरिष्ठ नेता दिनेश अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व हमने हमर संकल्प पत्र एवं पार्टी नेतृत्व में अटल संकल्प पत्र में कई महत्वपूर्ण संकल्प किये हैं जिसपर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाकर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाई है। अब हम सभी जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि उन संकल्पों को हम धरातल पर लेकर आए जिसमें आप सभी नगरवासियों के सुझाव और मार्गदर्शन हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं।






### इन सुविधाओं के लिए संकल्पित है नई टीम

जिला प्रतिनिधि मनीष झा कहा कि नगर पंचायत डौंडी के विकास और क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त स्मार्ट भवन का निर्माण किया जाएगा। डौंडी में यातायात व सुगम आवागमन के लिए नया बस स्टैंड बनाया जाएगा, जहाँ यात्रियों के लिए सभी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। डौंडी में युवाओं के बेहतर व उच्च शिक्षा हेतु वाई-फाई जैसी सभी मूलभूत सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला सहकारी बैंक की नई शाखा, बाजारों को सुव्यवस्थित, शासकीय तालाब का जीर्णोद्धार, पक्की सड़क का निर्माण, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जाएगा। वादों को पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता का सहयोग व मार्गदर्शन हमें अपने इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जरुर प्राप्त होगा।

## शक्कर कारखाने में 8 मार्च तक कर सकते हैं गन्ने की आपूर्ति

**बालोद।** दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद के प्रबंध संचालक ने बताया कि 02 मार्च 2025 को तृतीय एवं अंतिम सूचना पत्र जारी कर समस्त गन्ना किसानों को सूचित किया गया था कि वे पेराई की अंतिम तिथि 06 मार्च तक अनिवार्य रूप से गन्ना आपूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने गन्ना कृषकों की मांग को ध्यान में रखते हुए गन्ना क्षेत्र सहायकों से प्राप्त जानकारी के आधार पर समस्त गन्ना कृषकों से अपील है कि गन्ना की आपूर्ति कारखाना में 08 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से करें।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### निर्माणाधीन पीएम आवासों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं : डॉ कन्नौजे

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने आवास योजना के आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की हर संभव मदद करने को कहा। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024–25 में फेस–01 के तहत आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध में शासन की मंशानुसार माह मार्च में वृहद स्तर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम के लिए आबंटित लक्ष्य अनुरूप समस्त निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024–25 के फेस–02 में आबंटित अतिरिक्त लक्ष्य 8952 के विरूद्ध में पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण कर यथाशीघ्र प्रथम किश्त की राशि संबंधितों के खातों में अंतरित करने को कहा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर, जिला - बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-202412241900003 ब-121
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम कोलिहामार को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुरूर, जिला बालोद के ज्ञा.क्र./741/प्र./अविअ/2024 गुरूर दिनांक 28.10.2024 के अनुसार आवेदिका कु. कुमारी निकिता बघेल पिता श्री वासुदेव बघेल जाति गाड़ा, निवासी ग्राम कोलिहामार, तहसील गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदिका की मा स्व. श्रीमती नीता बघेल पति श्री वासुदेव बघेल निवासी कोलिहामार, छ.ग. शासन के अंतर्गत शिक्षा विभाग में व्याख्याता के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चंदनबिरही, वि.ख. गुरूर जिला बालोद छ.ग. में कार्यरत थे जिनकी सेवा अवधि में ही दिनांक 02.04.2023 को स्वर्गवास हो चुका है। मृतक के वैध वारिसान प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नियमानुसार जांचकर जांच प्रतिवेदन-बाबत इस कार्यालय को प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17/03/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील-मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**गुरूर**

**समस्या : जिम्मेदारों द्वारा बरती गई लापरवाही की भेंट चढ़ी नल-जल योजना**

# जहां पानी नहीं वहां बना दी टंकी, दो साल बाद भी पेयजल के लिए भटक रहे सेमरकोना के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नल जल योजना के तहत ग्राम सेमरकोना में लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन निर्माण के बाद दो साल बाद भी टंकी स्वयं प्यासी है। ऐसे में ग्रामीणों की प्यास कैसे बुझेगी। टंकी के पास एक बोर की खुदाई की गई, लेकिन वह कामयाब नहीं रही। इसके कारण न तो टंकी में पानी पहुंच रहा है और न ही ग्रामीणों को पानी नसीब हो रहा है।

ग्राम पंचायत मटिया के आश्रित ग्राम सेमरकोना में नल जल योजना के तहत द्वारा बिना पानी जांच के ग्राम के एक खाली जगह मे पानी टंकी का निर्माण 92 लाख की लागत से कर दिया गया। लेकिन पानी टंकी निर्माण के पिछले दो सालों बाद भी ग्रामीणों को टंकी के माध्यम से पानी नसीब नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग द्वारा बिना पानी की जांच किए एक ऐसी जगह में पानी टंकी का निर्माण कर दिया गया है, जिसके आस पास पानी की कोई स्त्रोत ही नहीं है। पानी टंकी के पास विभाग द्वारा एक बार बोर खुदाई का कार्य करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह प्रयास विफल होने के बाद विभाग ने यह मान लिया कि लाखों की लागत से बने पानी टंकी के आस पास पानी का स्त्रोत ही नहीं है। अब ग्रामीणों को नलों के माध्यम से शुद्ध पानी पहुंचाना तो दूर विभाग टंकी में ही शुद्ध पानी नहीं डाल पा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों तक पानी कैसे पहुंचेगा।





### दो साल में दो बार ही खुला ताला, लग चुका है जंग



वहीं, जिस जगह पानी टंकी का निर्माण किया गया है उसके मुख्य गेट का दरवाजे में लगे ताले में जंग लग चुका है। दो साल में एक दो बार ही यह ताला खुला होने का दावा ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। वहीं, टंकी की बाउंड्रीवाल के अंदर की साफ सफाई नहीं होने के कारण अंदर घास फूस बड़े हो गए हैं व कंटीले पौधे उग आए हैं, जिससे यहां किसी का आना जाना भी मुश्किल है। वहीं, पानी टंकी निर्माण व रंग रोगन के बाद भी टंकी निर्माण के समय लगी लकड़ी की बल्लियों को टंकी से हटाया नहीं गया है। इससे ऐसा लगता है कि विभाग भी अब टंकी का निर्माण कर भूल गया है।

### हैंडपंप पर लगती है लाइन

ग्रामीणों ने कहा कि पानी की समस्या का सामना उन्हें सिर्फ गर्मियों में ही नहीं करना पड़ता बल्कि साल के हर मौसम में उन्हें पानी की समस्या होती है। वहीं, वर्तमान में वे ग्राम में मौजूद हैण्डपंप के माध्यम से पानी की समस्या को दूर करते हैं, जहां सुबह से ही पानी के लिए हम चौक में मौजूद हैण्डपंपों में लाईन लगाकर पानी भरने को मजबूर होते हैं। इसके कारण पानी के लिए कई बार लड़ाई-झगड़े की स्थिति भी आ जाती है। वहीं, कई बार रोजी मजदूरी में जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### बोर से सीधे मिलता था पानी, अब कम हो गई मात्रा

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले ग्राम पंचायत द्वारा सीधे बोर के माध्यम से घरों तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जाता था। लेकिन, वर्तमान में बोर के माध्यम से नलों के द्वारा पहुंचने वाले पानी की मात्रा इतनी कम है कि लोगों घंटों इंतजार कर एक बाल्टी भी नहीं नसीब नहीं होता। इससे वर्तमान में पानी का संकट गहरा गया है।

**समक्ष :-** श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय डौण्डीलोहारा, जिला - बालोद (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

खुशी नाहटा उर्फ हनी नाहटा पिता कंवर लाल नाहटा आयु 22 वर्ष जाति जैन निवासी वार्ड 02 स्टेशन रोड बालोद तहसील वो जिला - बालोद छ.ग. ... शपथकर्ती

जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश करती हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम हनी नाहटा के नाम जीवन पर भारतीय जीवन बीमा निगम कार्या. दल्लीराजहरा में पालिसी क्र. 383033946 है।
3. यह कि उल्लेखित पालिसी में मेरा नाम हनी नाहटा लिखा हुआ है, जबकि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 536300426171 पेन नंबर DOHPN2566C एवं बैंक खाता क्रमांक 92029476325 में मेरा नाम खुशी नाहटा लिखा हुआ है, स्कुल के दस्तावेंजों में भी मेरा नाम खुशी नाहटा ही दर्ज है। हनी नाहटा मेरा घरेलू नाम है, जो कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने के कारण से उक्त पालिसी में दर्ज हुआ है ।
4. यह कि हनी नाहटा एवं खुशी नाहटा दोनों ही नाम मुझ शपथकर्ती का है, अर्थात एक ही व्यक्ति के है, मैं दोनों ही नामों से जानी पहचानी जाती हूं।
5. यह कि शपथपत्र में निहित सभी बातें मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है। यदि किसी प्रकार गलत पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

ऊपर नामांकित शपथकर्ता यह बयान देती हूँ कि मेरे द्वारा दि गई जानकारी कंडिका 1 से 5 तक सत्य है। मैं आज दिनांक 05/03/2025 को स्थान डौण्डीलोहारा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कि हूं।

**शपथकर्ती**

### 31 तक जमा करें हाउस टैक्स, नहीं तो होगी कार्रवाई

**दुर्ग।** शहर के लोगों को नगर निगम प्रशासन ने पेनल्टी से बचने के लिए फिर एक मौका दिया है। नगर निगम ने लोगों को टैक्स एवं दुकान किराया पटाने के लिए आखिरी मौका दिया है। जिसमें आने वाले तीन दिन छुट्टियों के बाद भी नगर निगम स्थित काउंटर कार्यालय खुले रहेंगे। लोग इस वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च तक नगर निगम का टैक्स जमा सकते हैं। 31 मार्च तक टैक्स नहीं जमा करने वालों पर पेनल्टी लगेगी। इतना ही नहीं आगे समय बढने पर पेनल्टी की दर भी बढ़ती जाएगी। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि जिन लोगों ने संपत्ति कर जमा नहीं किया है वो जमा कर दें। 1 अप्रैल के बाद फाइन लगेगा। 31 मार्च के बाद 1000 पेनाल्टी नगर निगम द्वारा लगना शुरू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा राजस्व विभाग की पुरी टीम को 8 करोड़ का टारगेट दिया है, इसके लिए राजस्व विभाग टीम सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मेहनत कर पसीना बहा रहे है। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र शुभम गोइर ने बताया आवश्यकता अनुसार कैंप लगाने के लिए भी कहा गया।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा



**बालोद।** जनपद पंचायत में भाजपा का कब्जा लगातार बरकरार रहा। एकतरफा चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा के उम्मीदवार ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 4 वोटों से हराकर जीत हासिल की। अध्यक्ष के लिए सरस्वती टेमरिया तथा उपाध्यक्ष लिए भाजपा के ही दिनेश सिन्हा ने जीत हासिल की। जिले में अब भाजपा विधानसभा के अतिरिक्त सभी क्षेत्रों में काबिज हो रही है। भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती टेमरिया को कुल 16 में से 10 वोट मिले, वहीं कांग्रेस की ओर जनपद अध्यक्ष प्रत्याशी अमृता नेताम को महज 6 वोट मिले। इस तरह भाजपा प्रत्याशी सरस्वती टेमरिया 4 वोट से जीत कर बालोद जनपद अध्यक्ष बनीं। जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया और जमकर जश्न मनाया।

**पेज 11 के शेष**

### अधिकारी ने पत्नी के नाम पर आवंटित ...

थी। इसके ठीक 3 दिन बाद 4 जून 2024 को ही जांच के आदेश दे दिए गए थे। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि उस अधिकारी को रिटायर होने का समय दे दिया गया होगा। कई बार जवाब आता है कि दोषी अधिकारी रिटायर हो गया।

### इस वर्ष का प्रथम नेशनल .....

न्यायालयीन मामलें एवं विवाद पूर्व पंजीकृत होने वाले प्री लिटिगेशन मामलों का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में निराकृत होने वाले सिविल मामलों में पूर्व में लगी हुई न्यायालयीन फीस वापस होती है। इस नेशनल लोक अदालत के तैयारी के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न द्वारा जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ बालोद, समस्त बैंक, फायनेंस कंपनी, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समय–समय पर बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण किए जाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि जिस किसी भी पक्षकार का जिला न्यायालय बालोद, व्यवहार न्यायालय गुण्डरदेही, दल्लीराजहरा एवं डौण्डीलोहारा में तथा जिले के किसी भी राजस्व न्यायालय में मामला लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं।


















# Shri Shankaracharya Professional University Bhilai

*Established under Chhattisgarh Private Universities (Established and Operation) Act,2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956*

## ADMISSIONS OPEN 2025-26

**Toll free no. 1800-547-1065**

**Ph D** — Journalism & Mass Communication, Physics, Chemistry, Life Science(Botany, Zoology, Bio-Tech, Bio-Chemistry,Micro-Biology), Mathematics, Hindi, English, Commerce, Management, Pharmacy, Engineering*

### Course offered @ SSPU

**Computer & IT Engineering**
- B.Tech(Hons.)
- AIML & IoT
- Cyber Security & IoT
- M.Tech

**Computer Application**
- BCA
- MCA
- DCA
- PGDCA

**Management & Commerce**
- BBA / MBA
- MBA (Part Time)
- B.Com
- B.Com (Hons.)
- M.Com

**Science & Life Science**
- B.Sc. (PCB, PCM, CS)
- B.Sc. (Hons.) (PCB, PCM, CS)
- M.Sc. (PCM) (Biology, Zoology, Micro-Biology Bio-Technology)(Computer Science)

**Health & Allied Science**
- Master in Hospital Administration

**Education**
- Diploma (Nursery Teacher Training)
- M.A. (Education)
- B.A. / M.A.
- P.G. Dip (Yoga)

**Pharmacy**
- D. Pharma
- B. Pharma, M. Pharma

**Arts & Social Science**
- B.A.J.M.C.
- M.A.J.M.C.
- B.J. / M.J.
- B.A. / M.A.
- B.Lib.I.Sc. / BSW
- M.Lib.I.Sc. / MSW

**Physical Education**
- Bachelor / Master (Physical Education & Sports)
- Certificate
- PG Diploma (Sports coaching)

**Law** — LLB, B.A. LLB, B.Com. LLB

### State of Art Infrastructure

- Canteen
- Well Furnished & Safe Hostel Facility(separate For Boys & Girls)
- Recording Room
- In-campus medical Facility
- Swimming Pool
- Gym
- Badminton Court
- Music Room
- Free Wifi
- Basketball Court
- Auditorium
- Library

www.shrishankaracharyauniversity.com
0788-4088810, 0788-4088811, 6232010132, 6232010130

# SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS, BHILAI

ज्ञानादेव तु कैवल्यम्

An NAAC "A" Grade Institute | APPROVED BY AICTE

**25 YEARS OF EXCELLENCE**

NBA UG COURSES* · NAAC "A" GRADE · nirf 2020, 2021 & 2023 RANK BAND 251-300 · INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL · AICTE · ARIIA · GREEN MENTORS · ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTION

### AICTE Courses offered @ SSTC

**B Tech (CSE)**
- CSE
- CSE (AI&ML)
- CSE (DATA SCIENCE)
- CSE (CYBER SECURITY)

**B Tech (Engineering)**
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- ET & T Engineering
- Mechanical Engineering

**M Tech**
- AI & Machine Learning
- CS & Engineering
- Geotechnical Engineering
- Power Systems Engineering
- Structural Engineering
- Thermal Engineering
- Transportation Engineering
- VLSI Design

**PhD** — Engineering, Management, Computer Aplications

**MBA** · **MCA** · **BBA** · **BCA**

DIGITAL CAMPUS 2.0 ON Google

MOUS WITH- NASSCOM · unicef · NSS President Award

### PLACEMENTS

- 2955+ Placements in the last 4 years
- 30+ MoUs
- 260+ Recruiting Companies
- 1445+ Internships in the last 4 years

SSTC Placements 2024-25 Continue: Diverse Opportunities

### Our Prominent Recruiters/Top Companies

IBM · HEXAWARE · Tech Mahindra · NUCLEUS SOFTWARE · GRAMONT · accenture · amicus think·do·inspire · MACLEODS · JBM Group · awakenage · jaro education

for CSE, IT, ETC & MCA: Deloitte · OneBanc · Capgemini · Cognizant · tcs
for Mechanical and Electrical: JSW · SISCOL · C INDIA
for MBA: ESAF

HIGHEST INTERNSHIP STIPEND-50K/MONTH amazon

www.sstc.ac.in | Toll free no. 1800-547-1064 | 0788-4088888, 9039551113

Find us on

Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences, Junwani,Bhilai, Chhattisgarh, 490020

## खबर संक्षेप

### सर्वेक्षण के लिए 5 करोड़ का बजट में है प्रावधान

**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने छत्तीसगढ़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पहली बार रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल सुविधा के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। इस बजट ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के वादों को पूरा किया है। यह बजट वित्तीय प्रबंधन के साथ छत्तीसगढ़ को प्रगति की ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा। यह बजट राज्य के आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने वाला है।

### बजट से छत्तीसगढ़ की बढ़ेगी रेवेन्यू : खुराना

**दुर्ग।** जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना ने बजट में छतीसगढ़ में विकास के लिए कई प्रावधान रखे। इस बजट में छतीसगढ़ के विकास पे पूरा ध्यान रखा गया है। नगर निगम में विकास के लिए ५०० करोड़ से जिससे नगर निगम के अंतर्गत आने वाले जिलो का भरपूर विकास होगा। लोगो को काम मिलेगा जिससे छतीसगढ़ की रेवन्यू बढ़ेगी। आईटी सेक्टर एवं पॉलिटेक्निक सेक्टर के लिए भी १०० करोड़ का प्रावधान दिया गया। जिससे युवा ट्रेनिंग करेंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलने पर पूरा ध्यान दिया गया है।

### बजट से राहत नहीं: कमलेश सिंह

**दुर्ग।** छग पटवारी प्रदेश संघ के संरक्षण कमलेश सिंह ने कहा ऑनलाइन भुइयां कार्य को बढ़ावा देने के लिए और दूर दराज के कृषकों को लाभ पहुंचाने हेतु, पटवारियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाने बजट में 15 करोड़ की प्रवधान किया गया है। इस कार्य हेतु पटवारियों को विशेष भत्ता दिए जाने हेतु बजट में प्रावधान करने को कृषक हित में उचित ठहराया है और इससे पटवारियों की कार्य क्षमता में वृद्धि होगा।

### कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने किया शपथ ग्रहण

**दुर्ग।** ग्रामीण ग्राम पंचायत कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सरपंच रामसिंह निषाद ने सरपंच के तौर पर शपथ ग्रहण कर ग्राम विकास को बढ़ाने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उनका लाभ पहुंचाने और बिजली, पानी, सड़क के साथ जनता कि मुलभूत सुविधाएं प्रदान करने की शपथ ली। नवनिर्वाचित पंचों ने भी ग्राम पंचायत का विकास पर एक मत होकर शपथ लिया। समारोह में पंचायत अधिकारी के रुप में सचिव नरोत्तम साहू ने शपथ दिलाई। शपथ लेने रामसिंह निषाद, सरपंच पद पर पंच पद पर भारती निषाद, मधु लता निषाद, कांति निषाद, ज्योति ठाकुर, मालती निषाद, निर्मला निषाद, हीरामन निषाद, गणेश्वर निषाद, सुमन निषाद, महेंद्र रिगरी, हितेश्वरी साहू शामिल रहे। इस अवसर पर प्रीतम यादव खिलेश्वर निषाद विजय राजपूत गोकुल यादव तोमन यादव गौतरिया निषाद हेमंत विश्वकर्मा टीकाराम कुर्रे दुलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**प्रतिक्रिया :** कहा- राज्य सरकार का छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने वाला कदम है

# जिले के विभिन्न वर्गों ने बजट को बताया सर्व समावेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025–26 के बजट को बालोद जिले के सभी वर्गों ने सराहा और इसे राज्य को नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने वाला सर्व समावेशी बजट बताया।

राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट पर बालोद जिलेवासियों ने अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, शासकीय सेवकों, आदिवासियों, पत्रकारों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है। इसके अलावा शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, ग्रामीण एवं शहरी विकास, गुड गवर्नेंस, औद्योगिक विकास, खेल एवं युवा कल्याण, पर्यटन, टेक्नोलॉजी सहित सभी क्षेत्रों के विकास के लिए पर्याप्त मात्रा में राशि का प्रावधान कर राज्य को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने हेतु कारगार प्रयास किया गया है। जो कि आने वाले समय में राज्य के चँहुमुखी विकास के लिए 'मील का पत्थर' साबित होगा। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ग्राम झलमला में कपड़े धुलाई एवं मेहनत मजदूरी कर जीवन–यापन करने वाली ग्रामीण महिला हेमलता निर्मलकर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट में महतारी वंदन योजना के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। इससे हम सभी जरूरतमंद महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ने के साथ–साथ अपने बेहतर एवं सुरक्षित भविष्य के प्रति आशा जागी है।




### लोक हितैषी बजट

जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि हम पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए पत्रकार सम्मान निधि की राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये किया गया है। अरूण उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए आगे भी निर्णय लिए जाएंगे। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद के विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. जैनेन्द्र पटेल ने कहा कि राज्य सरकार के इस बजट के माध्यम से सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखने का प्रयास किया गया है। उन्होंने इस बजट को राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले लोक हितैषी बजट बताया है।

### उद्योग जगत में भी हर्ष

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर उद्योग जगत में भी हर्ष व्याप्त है। बजट की सराहना करते हुए जिले के उद्योगपति दीपक उपाध्याय ने कहा कि बजट के माध्यम से जिला उद्योग केन्द्र बालोद के लिए स्वयं के कार्यालय भवन की सौगात मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि बालोद जिला वर्ष 2012 से अस्तित्व में आ गया था। लेकिन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद के पास अपना भवन नहीं था। जिसके कारण दो से तीन बार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के कार्यालय को अलग–अलग जगहों में शिफ्ट होना पड़ा था। लेकिन अब बजट के माध्यम से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के लिए भवन का प्रावधान करने से उसके लिए स्थायी भवन उपलब्ध हो सकेगा।

### सभी लोगों के हितों का ध्यान

जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद के अधिवक्ता प्रशांत पवार ने कहा कि राज्य सरकार के बजट में समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति से लेकर अग्रिम पंक्ति तक के सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखा गया है। ग्राम झलमला में कपड़े धुलाई की दुकान के संचालक दुजराम निर्मलकर ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस बजट के माध्यम से हम जैसे आवासहीन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास निर्माण सुनिश्चित किया जा रहा है।

### भाजपा नेताओं ने की बजट की सराहना



**डौंडीलोहारा।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा 3 मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ सरकार के बजट की डौंडीलोहारा के भाजपा नेताओं ने सर्व समावेशी बजट बताते हुए स्वागत किया है। बजट की सराहना करते हुए पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य देवेंद्र जायसवाल ने कहा कि उक्त बजट में महिला सशक्तिकरण एवं गरीबों के उत्थान का विशेष प्रयास किया गया है। महिलाओं, किसानों, कर्मचारियों के अलावा सभी वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ दिया गया है। मोदी की गारंटी को बजट के माध्यम से धरातल पर उतारा गया है, जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास को और गति मिल पाएगी।

मंडल उपाध्यक्ष यतेंद्र देवांगन ने कहा कि बजट में सभी सेक्टरों व वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है । युवाओं के लिए नौकरी के अवसर, महिलाओं के लिए व्यापक योजनाओं के साथ किसानों को उन्नत बनाने की दिशा में प्रयास किया गया है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी, उद्योग कारोबरियों को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य धीरेंद्र टांक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए डबल इंजन की सरकार में यह बजट प्रस्तुत किया है। बजट से छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का प्रयास माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री डॉ ओपी चौधरी द्वारा किया गया है। निम्न तबके के लोगों से लेकर आम आदमी, महिलाओं, युवाओं, कारोबारियों सभी को बजट से लाभ मिलने वाला है।

इसी तरह मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आगे लाने व उनके विकास का बजट है। इस बजट से आने वाले वर्ष में महिलाएं खासकर गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वाले परिवारों को और मदद मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ओपी चौधरी को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री साय ने वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू श्याम का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित आठवें प्रांतीय सम्मेलन में क्षेत्र के सीताराम साहू श्याम को मुख्यमंत्री के हाथों अति वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान मिला।

- छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा रायपुर में आयोजित आठवें प्रांतीय सम्मेलन में किया गया सम्मानित




राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के 6 अति वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य की समृद्धि और विकास के लिए अपना योगदान दिया है। इनमें बालोद जिले के वरिष्ठ साहित्यकार राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्राचार्य सीताराम साहू श्याम को अंग वस्त्र मोमेंटो, प्रमाण पत्र और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

साथ ही जांजगीर से डॉक्टर देवघर महंत, बिलासपुर से राघवेंद्र दुबे, गरियाबंद से काशीपुरी कुंदन, राजनांदगांव से कुबेर सिंह साहू और डॉक्टर दादू लाल जोशी को भी सम्मानित किया गया। उसके बाद छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित 11 साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने अपनी भाषा और साहित्य को समृद्ध करने का आह्वान किया तथा सभी विमोचित पुस्तकों को स्कूलों की लाइब्रेरी में रखे जाने का आश्वासन दिया।

# परिवार में एकता व हृदय में देश प्रेम की भावना अत्यंत आवश्यक, पर दोनों कम होती जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में गत दो दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में आज तृतीय दिवस की कथा सुनाते हुए वृंदावन से आए कथा वाचक प्रमोद कृष्ण दास ने परिवार प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में खूब प्रगति हो रही है। हम खूब धन अर्जित कर रहे हैं सुख सुविधाओं की कमी नहीं है, किंतु हम दो चीजों को पीछे छोड़ आए हैं। हमारे पास सब कुछ होते हुए भी परिवार में एकता और युवाओं के हृदय में राष्ट्रीयता अथवा देश प्रेम की भावना समाप्त होती जा रही है। आज का युवा इस देश को सिर्फ एक प्लेटफार्म की तरह उपयोग कर रहा है। उसने बचपन यहां गुजारा सब कुछ सीखा यहां से किंतु सेवा विदेश में देनी है। हमारे हृदय में या तो देश प्रेम देश के प्रति निष्ठा दिखती नहीं और अगर दिखती है तो सिर्फ दिखावे के लिए। राष्ट्र प्रेम के नारे तो हम लगाते हैं, किंतु उसका पालन नहीं करते।

- ओटेबंद बगीचा में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक प्रमोद कृष्ण दास ने जताई चिंता





### परिवार के साथ रहना आज की जनरेशन को पसंद नहीं

प्रमोद कृष्ण दास ने कहा कि दूसरी तरफ हमारे परिवार विखंडित होते जा रहे हैं। यहां हर किसी को अपनी गोपनीयता चाहिए। इसलिए अकेले रहना है। परिवार के साथ रहना आज की जनरेशन को पसंद ही नहीं है और अच्छे समाज और प्रगतिशील अथवा विकसित राष्ट्र बनने के लिए इन दोनों की विशेष आवश्यकता है। नहीं तो वह दिन दूर नहीं, जब सनातन पद्धति पर चलने वाला भारत देश जिसका गुणगान संपूर्ण विश्व में होता है, पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर पतित हो जाएगा।

# मचौद में की गई भगवान श्री सत्य सांई की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम मचौद में आंध्रप्रदेश के पुट्टपर्थी से लाए गए भगवान् श्री सत्य सांई के फोटो की स्थापना उर्मिला गोपाल दास बंजारे के घर की गई है। इस अवसर पर ग्राम की गलियों में वेद पाठ के साथ भजन कीर्तन करते हुए रथ के पीछे-पीछे भक्त जन बंजारे निवास पहुंचकर स्थापना की।

अनिल कटहरे ने कहा कि मायावी संसार में हमसे कब लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन हो जाता है, पता नहीं चलता। इससे जीवन में अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव भगवान् से जुड़े होने से उनकी कृपा व आशीर्वाद से वे सभी दुख परेशानी सरलता से सहने लायक हो जाते हैं।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच और केशव साहू, चूनू राम चंद्राकर, उर्मिला बंजारे, दीपलता नेताम सभी को शाल श्री फल, तिलक लगाकर सम्मान किया गया है। इस अवसर पर श्री सत्य सांई सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ टी रामाराव, प्रदेश आध्यात्मिक प्रभारी अंजना राव, जिला अध्यक्ष संदीप नायडू, प्रदेश यूथ प्रभारी शालिनी महेश, श्रीनिवास राव, केशव साहू, गोपाल दास बंजारे, चूनू राम चंद्राकर, उर्मिला बंजारे, दीपलता नेताम, सरपंच जागेश्वरी साहू व ग्रामवासी भक्त जन उपस्थित थे।

# भाठागांव आर के नवनिर्वाचित सरपंच सहित पंचों ने ली शपथ

**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर के नवनिर्वाचित सरपंच रुपेश्वर कुमार यादव एवं सभी 14 पंचों ने शपथ ली। पंचायत के सचिव अश्वनी साहू ने सरपंच रूपेश्वर कुमार सहित सभी पंचों मंजू ठाकुर, भमीनी साहू, यशवंत मेश्राम, कविता साहू, बसंत मेश्राम, धनेश्वरी ठाकुर, नागेश्वरी साहू, भुनेश्वरी देवांगन, टिकेश्वरी साहू, चित्रकांत कतलम, खेदिया बाई यादव, नीता बंजारे राधा रात्रे व देवला बाई ठाकुर को शपथ दिलाई। सरपंच रुपेश्वर यादव ने कहा कि ग्रामीणों ने मुझ पर विश्वास जताकर सरपंच बनाया है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करुंगा। हम सब मिलकर गांव का विकास करेंगे और शासन की हर योजना का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा।

इस अवसर पर जनपद सदस्य कौशल साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू, पूर्व सरपंच शशिकला साहू, रुखमनी केके साहू, ठाकुर राम चन्द्राकर, सलीम खान, विष्णु प्रसाद बंजारे, नारायण यादव, अघनु राम यादव, बिसनाथ ठाकुर, टीकम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# सहायक शिक्षक रविन्द्र कुमार को मिला शिक्षादूत पुरस्कार



**अंडा।** संयुक्त जिला कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सम्मानित किया। विकासखंड गुण्डरदेही से शासकीय प्राथमिक विद्यालय परसदा(डग), संकुल परसदा के सहायक शिक्षक रविन्द्र कुमार चन्द्राकर को शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री चंद्राके सम्मानित होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू, बीआरसी किशोर साहू, संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पाण्डेय, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, सत्यवती साहू सरपंच, भूतपूर्व सरपंच कुलदीप साहू, रेशमा साहू अध्यक्ष, विनोद साहू, नीलाम्बर साहू, हिलेश्वर साहू शाला प्रबंध समिति परसदा के समस्त सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# बालोद राज ठेठवार यादव संगठन का वार्षिक अधिवेशन 23 को, चुने जाएंगे नए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी 23 मार्च को बालोद राज ठेठवार यादव संगठन का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। अधिवेशन में 3 वर्षों के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। परस्पर सहमति बनाने के लिए सभी 13 मंडलों के नये अध्यक्ष और 80 गांव के ग्राम प्रमुख अपने ग्रामों में बैठक लेंगे तथा निर्णय की जानकारी 16 मार्च को ठेठवार भवन बालोद में आयोजित बैठक में देंगे। बैठक में 9 मार्च को राजिम में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। एक वाहन ग्राम झुरहाटोला से उमेश यादव के नेतृत्व में प्रातः 8 बजे निकलकर आमाडुला, कोचवाही, कनेरी, गुरुर क्षेत्र के सदस्यों को लेते हुए राजिम पहुंचेगी। दूसरा वाहन हेमंत यादव के नेतृत्व में लाटाबोड़, बालोद, तरौद, घुमका, अर्जुंदा, सकरौद होते हुए राजिम जाएगा। 23 मार्च को बालोद राज के वार्षिक अधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को तथा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में विजयी उम्मीदवारों को सम्मानित किया जाएगा। इनकी सूची तैयार कर लाने की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्षों को दी गई है।

- समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों व चुनाव में विजयी उम्मीदवारों का किया जाएगा सम्मान



### आदर्श विवाह के लिए दे सकते हैं आवेदन

बालोद राज के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव ने अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं तथा मातृ–शक्तियों को शामिल होने का आग्रह किया है। आदर्श विवाह के इच्छुक सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। बैठक का संचालन महासचिव पवन यादव ने तथा आभार व्यक्त संरक्षक शिवप्रसाद यादव ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव तथा कार्यालय सचिव जयप्रकाश यादव ने दी। बैठक में प्रमुख रुप से कृष्णकुमार, शिवभजन, सनत, ओमप्रकाश, रामस्वरुप, रामेश्वर, रंजीत, राजेश, ताम्रध्वज, नूपेंद्र, अरुण, कुलेश्वर, राजेंद्र, संचित, जनक, नारद उपस्थित थे।




